## मध्य प्रदेश राज्य सेवा सामान्य अध्ययन (प्रारंभिक परीक्षा)

## प्रश्न पत्र 2010

**1. नर्मदा नदी की मध्य प्रदेश में कुल लम्बाई है:**

**(A) 1077 किमी.** (B) 1071 किमी.

(C) 1075 किमी. (D) 1072 किमी.

**व्याख्या-**नर्मदा नदी की कुल लम्बाई 1312 किमी. है। म. प्र. में 1077 किमी. बहती है।

**2. पुष्प कमल दहल 'प्रचण्ड' कौन हैं ?**

(A) हिन्दी कवि (B) क्रांतिकारी विचारक

**(C) नेपाली प्रधानमंत्री** (D) इनमें से कोई नहीं

**व्याख्या-**पुष्प कमल दहल 'प्रचण्ड'2009 में कुछ समय के लिए नेपाल के प्रधानमंत्री बने थे। प्रारम्भिक परीक्षा के समय (20 फरवरी) से पहले छ: माह तक पुष्प कमल दहल'प्रचण्ड'को कोई पद नहीं था अतः इसका उत्तर (D) भी हो सकता है।

**3. बीजिंग ओलम्पिक 2008 में कुश्ती में कांस्य पदक जीतने वाला पहलवान कौन है ?**

(A) अखिल कुमार **(B) सुशील कुमार**

(C) जोगिन्दर सिंह (D) विजय सिंह

**व्याख्या-**बीजिंग ओलम्पिक 2008 में भारत के लिए एक और कांस्य पदक कुश्ती में सुशील कुमार ने जीता है। 56 वर्ष के अन्तराल के बाद भारत के किसी पहलवान ने कुश्ती में पदक जीतने में सफलता प्राप्त की है

**4. महिंदा राजपक्षे कौन है ?**

(A) भारत में श्रीलंकाई राजदूत

(B) श्रीलंकाई विदेश मंत्री

(C) श्रीलंकाई सेनाध्यक्ष

**(D) श्रीलंकाई राष्ट्रपति**

**व्याख्या-**महिंदा राजपक्षे श्रीलंका के वर्तमान राष्ट्रपति के पद पर कार्यरत है।

**5. चंद्रयान किस तारीख को चन्द्र कक्ष में पहुँचा ?**

(A) 3 नवम्बर (B) 6 नवम्बर

**(C) 8 नवम्बर** (D) इनमें से कोई नहीं

**व्याख्या-**भारत ने अपने पहले चन्द्रयान का प्रक्षेपण श्री हरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से 22 अक्टूबर, 2008 को ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण वाहन के जरिए किया। 8 नवम्बर , 2008 को यह चंद्र कक्ष में पहुंचा।

**6. लीथोट्रिप्सी क्या है ?**

(A) पत्थरों पर लिखने की कला

**(B) गुर्दे की पथरी किरणों द्वारा तोड़ना**

(C) कार्बन विधि से पत्थरों की आयु ज्ञात करना

(D) गृह प्रयोग के लिये पत्थरों को तराशना

**व्याख्या-**लीथोट्रिप्सी गुर्दे की पथरी किरणों द्वारा तोड़ने की एक विधि है।

**7. 'ब्लॉग' शब्द दो शब्दों का संयोजन है-**

**(A) वैब-लॉग** (B) वेव-लॉग

(C) वैब-ब्लॉग (D) वैड-लॉक

**व्याख्या-**'ब्लॉग'शब्द दो शब्दों का संयोजन है, जो इस प्रकार हैं- वैब लॉग।

**8. नासा के मंगल ग्रह पर यान का क्या नाम है ?**

**(A) फीनिक्स** (B) रोजर

(C) फ्लोरिडा (D) जॉन कैनेडी

**व्याख्या-**नासा के मंगल ग्रह पर यान का नाम था-फीनिक्स।

**9. ज्वर क्या है ?**

(A) त्वचा की सूजन (B) ब्लड प्लेटलेट्स की सूजन

(C) पीड़ा **(D) रक्त कणिकाओं की सूजन**

**व्याख्या-**ज्वर रक्त कणिकाओं की सूजन से सम्बन्धित है।

**10. 2010 में विश्व चैम्पियन बनने के लिये विश्वनाथन आनंद ने किसे हराया ?**

(A) गैरी कास्पारोव (B) गैरी कारपोव

**(C) वेसलिन टोपालोव** (D) अनातोली कारपोव

**व्याख्या-**2010 में विश्व चैम्पियन बनने के लिये विश्वनाथन आनंद ने वेसलिन टोपालोव को हराया था।

**11. तेजस क्या है ?**

**(A) भारत में निर्मित प्रथम लड़ाकू विमान**

(B) हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल

(C) रिमोट चालित विमान

(D) सबसे तेज गति से उड़ने वाला वायुयान

**व्याख्या-**यह स्वदेशी निर्मित प्रथम हल्का लड़ाकू विमान है। इसके विकास में हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**12. स्टीफेन हॉकिंग एकः**

(A) पियानो वादक है (B) गिटार वादक है

**(C) वैज्ञानिक है** (D) अमेरिकी राजनीतिज्ञ है

**व्याख्या-**सुप्रसिद्ध ऐस्ट्रोफिजिसिस्ट इस युग के सर्वाधिक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक , कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में लुकास्मिन प्रोफेसर जिसे कि आईसक न्यूटन की कुर्सी माना जाता है , पर कार्यरत।

**13. 'बार्क' के वर्तमान निदेशक कौन हैं ?**

(A) सतीश धवन **(B) आर. के. सिन्हा**

(C) जी. माधवन नायर (D) डॉ. रमन्ना

**व्याख्या-**भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र (बार्क) ट्राम्बे (मुम्बई) में स्थापित भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र , परमाणु विज्ञान एवं सम्बद्ध क्षेत्र में कार्यरत देश का प्रमुख अनुसंधान केन्द्र है। आर. के. सिन्हा इसके नये निदेशक हैं।

**14. भारतवर्ष में कितने प्रतिशत लोग गरीबी की रेखा के नीचे रहते हैं।**

(A) 29. 5 प्रतिशत **(C) 23. 5 प्रतिशत**

(C) 40. 5 प्रतिशत (D) 27. 5 प्रतिशत

**व्याख्या-**विश्व बैंक की विश्व विकास सूचक शीर्षक से प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार विश्व में निर्धन लोगों की सर्वाधिक संस्था भारत में है। विश्व की 13 अरब निर्धन-जनसंख्या का सर्वाधिक 27. 5 प्रतिशत भाग भारत में है।

**15. एशियन गेम्स 2010 में भारत के लिए प्रथम स्वर्ण पदक किसने जीता ?**

(A) अभिनव बिन्द्रा (B) साइना नेहवाल

(C) विजेन्द्र सिंह **(D) बजरंगलाल तखार**

**व्याख्या-**16वें एशियन गेम्स 2010 गुआंगझू (चीन) में आयोजित किये गये। इनमें भारत के लिये प्रथम स्वर्ण पदक बजरंगलाल तखार ने जीता।

**16. जैव कोशिका का कौनसा भाग पावरहाऊस कहलाता है ?**

(A) कोशिका भित्ति (B) केंद्र

**(C) माइटोकॉन्ड्रिया** (D) सम्पूर्ण कोशिका

**व्याख्या-**इसकी खोज अल्टमैन ने 1886 ई. में की थी। यह कोशिका का श्वसन स्थल है। कोशिका में इसकी संख्या निश्चित नहीं होती है। ऊर्जा मुक्त काबनिक पदार्थों का ऑक्सीकरण माइटोकॉन्डिया में होता है , जिससे काफी मात्रा में ऊर्जा प्राप्त होती है। इसलिए इसे कोशिका का शक्ति केन्द्र कहते हैं।

**17. जैव कोशिका में निम्न में से क्या अनुपस्थित होता है ?**

**(A) सेलुलोस की कोशिका भित्ति** (B) केंद्रक

(C) माइटोकॉन्ड्रिया (D) इनमें से कोई नहीं

**व्याख्या-**जैव कोशिका में सेलुलोस की कोशिका भित्ति अनुपस्थित होती है।

**18. भारतीय संविधान का संरक्षक कौन है ?**

(A) राष्ट्रपति (B) संसद

(C) मंत्रि-परिषद् **(D) सर्वोच्च न्यायालय**

**व्याख्या-**भारत की न्यायिक व्यवस्था इकहरी और एकीकृत है , जिसके शिखर पर भारत का उच्चतम न्यायालय है। यही सर्वोच्च न्यायालय भारतीय संविधान का संरक्षक है।

**19. किस वर्ष में संसद ने भारतीय संविधान अपनाया ?**

(A) 1947 (B) 1948

**(C) 1950** (D) 1952

**व्याख्या-**भारत का संविधान 26 जनवरी, 1950 से लागू हुआ। इसका निर्माण एक संविधान सभा ने किया था , जिसकी पहली बैठक 9 दिसम्बर , 1946 को हुई थी। संविधान सभा ने 26 नवम्बर, 1949 को संविधान को अंगीकार कर लिया था।

**20. भारत के प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल कौन थे ?**

**(A) माउंटबेटन** (B) सी. राजगोपालाचारी

(C) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (D) सरदार वल्लभभाई पटेल

**व्याख्या-**सी. राजगोपालाचारी भारत के प्रथम और अन्तिम गवर्नर जनरल थे। 1954 में इन्हें भारतरत्न से सम्मानित किया गया था।

**21. मंत्रि-परिषद् किसके प्रति उत्तरदायी होती है ?**

**(A) संसद के** (B) राष्ट्रपति के

(C) लोक सभा अध्यक्ष के

(D) लोक सभा अध्यक्ष तथा राज्य सभा के सभापति के

**व्याख्या-**संविधान के अनुच्छेद 74 के अनुसार राष्ट्रपति को उसके कार्यों के सम्पादन व सलाह देने हेतु एक मंत्रि-परिषद

होती है , जिसका प्रधान प्रधानमंत्री होता है। मंत्रि-परिषद् सामूहिक रूप से लोक सभा के प्रति उत्तरदायी होती है।

**22. लोक सभा की निश्चित सदस्य संख्या क्या है ?**

(A) 541 (B) 543

(C) 444 **(D) 545**

**व्याख्या-**वर्तमान में लोकसभा की सदस्य-संख्या 545 है। इन सदस्यों में 530 सदस्य 29 राज्यों से , 13 सदस्य 7 केन्द्र शासित प्रदेशों से निर्वाचित होते हैं तथा दो सदस्य आंग्ल भारतीय वर्ग के प्रतिनिधि के रूप में राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत होते हैं।

23. **राज्य सभा की निश्चित सदस्य संख्या क्या है ?**

(A) 220 (B) 230

(C) 210 **(D) 250**

**व्याख्या-**राज्य सभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या 250 हो सकती है , वर्तमान समय में यह संख्या 245 है। इनमें 12 सदस्य राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत किए जाते हैं। शेष 233 सदस्य संघ की इकाइयों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**24. राज्य सभा कैसे भंग होती है ?**

(A) सभापति का कार्यकाल पूरा होने पर

(B) राष्ट्रपति पाँच वर्ष बाद भंग करते है

(C) लोक सभा के साथ स्वत: भंग हो जाती है

**(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं**

**व्याख्या-**राज्य सभा एक स्थायी सदन है , जो कभी भंग नहीं होती। इसके सदस्यों का कार्यकाल छह वर्ष का होता है। इसके एक तिहाई सदस्य प्रति दो वर्ष बाद सेवा-निवृत्त हो जाते हैं।

**25. भारतीय संविधान में-**

(A) 9 अनुसूचियाँ हैं **(B) 12 अनुसूचियाँ हैं**

(C) 10 अनुसूचियाँ हैं (D) 11 अनुसूचियाँ हैं

**व्याख्या-**भारतीय संविधान में वर्तमान में 12 अनुसूचियाँ शामिल की गई |

**26. भारतवर्ष का सबसे बड़ी आदिवासी जनसंख्या वाला राज्य कौनसा है ?**

(A) असम (B) उड़ीसा

**(C) मध्य प्रदेश** (D) बिहार

**व्याख्या-**म. प्र. में देश की सर्वाधिक जनजाति जनसंख्या हैं। वर्ष 2001 की जनगणना में 12 , 233, 474 अनुसूचित जनजाति की है। अर्थात् प्रदेश की 20. 27 प्रतिशत जनसंख्या आदिवासी है, जो भारत में सर्वाधिक है।

**27. भारत के किस जलप्रताप को लोकप्रिय रूप से नियाग्रा जलप्रपात के तौर पर जाना जाता है ?**

(A) बरकाना प्रपात **(B) चित्रकूट प्रपात**

(C) रजत प्रपात (D) केवटी

**व्याख्या-**चित्रकूट प्रपात को भारत में नियाग्रा जलप्रपात के तौर पर जाना जाता है।

**28. मंडला राजधानी थी:**

(A) सिंधिया की (B) होल्कर की

**(C) गोंड की** (D) परमार की

**व्याख्या-**म. प्र. के मंडला जिले में गोंड़ एवं बैगा जनजाति के लोग धन जंगल में निवास करते हैं। अतः गोंड की राजधानी मंडला है।

29. **निम्नांकित में BREAD: DRARE के समान संबंध किसमें है ?**

(A) SWORN: NSOWR (B) GLAZE: EGZAL

(C) LOWER: RLEWO **(D) इनमें से कोई नहीं**

**व्याख्या-**उपरोक्त में कोई भी विकल्प सही नहीं है।

**30. मध्य प्रदेश के किस क्षेत्र से टंगस्टन प्राप्त होता है ?**

(A) ग्वालियर क्षेत्र (B) बघेलखण्ड क्षेत्र

**(C) होशंगाबाद क्षेत्र** (D) मालवा क्षेत्र

**व्याख्या-**म. प्र. की आर्थिक समृद्धि में खनिजों का महत्वपूर्ण स्थान है। इस प्रकार म. प्र. में टंगस्टन होशंगाबाद क्षेत्र में प्राप्त होता है।

**31. कालिदास के किस ग्रंथ में अमरकंटक के सौंदर्य का चित्रण किया गया है ?**

(A) कुमारसम्भवम् (B) शाकुंतलम्

(C) मेघदूतम् **(D) ऋतुसंहार**

**व्याख्या-**ऋतुसंहार कालिदास की प्रथम रचना है। इसमें 6 सर्ग एवं लगभग 143 श्लोक है। इसमें छः ऋतुओं का सुन्दर चित्रण किया गया


Contact no:-0522-4334408, 6307281212 6307281212,Email id: smartwayeducation.in@gmail.com
MM-4/34,VINAY KHAND-4, GOMTI NAGAR, LUCKNOW, U.P. 226010

**32. विदिशा नदी के तट पर स्थित है।**

**(A) बेतवा** (B) क्षिप्रा

(C) नर्मदा (D) चंबल

**व्याख्या-**बेतवा नदी इसे म. प्र. की गंगा कहा जाता है। यह नदी म. प्र. के रायसेन जिले के कुमरा गाँव से निकलती है , लेकिन अधिकांशतः | विदिशा जिले में बहती है।

**33. डायनासौर जीवाश्म राष्ट्रीय पार्क की स्थापना किस जिले में की जा रही है ?**

(A) बालाघाट (B) मंदसौर

**(C) धार** (D) मंडला

**व्याख्या-**हाल ही में डायनासौर जीवाश्म राष्ट्रीय पार्क की स्थापना धार जिले में (पडल्या ग्राम में) की गई है।

**34. प्रथम खली जेल कहाँ स्थापित है ?**

(A) होशंगाबाद **(B) गुना**

(C) कटनी (D) झाबुआ

**व्याख्या-**भारत में प्रथम खुली जेल म. प्र. के गुना जिले में स्थापित की गई है।

**35. भारत में इंग्लैंड का कौनसा दूत जहाँगीर के पीछे अजमेर से मांडू आया ?**

(A) क्लाइव **(B) टामस रो**

(C) लार्ड एस्टर (D) क्लाइड

**व्याख्या-**जहांगीर के शासनकाल में कैप्टन हॉकिन्स सर टॉमस ये, विलिया फिंच जैसे यूरोपीय पात्री आए थे।

**36. मध्य प्रदेश में निम्न में से कौनसी बोली नहीं बोली जाती है।**

(A) मालवी (B) बुंदेलखण्डी

(C) गौरी **(D) कौरवी**

**व्याख्या-**म. प्र. में अनेक बोलियाँ बोली जाती है , जिसमें से मालवी, बुंदेलखंडी, गौडी आदि है।

**37. निम्न में से कौनसी नदी मध्य प्रदेश में नहीं बहती है ?**

(A) महानदी (B) नर्मदा

(C) ताप्ती **(D) कृष्णा**

**व्याख्या-**कृष्णा नदी महाबलेश्वर के समीप पश्चिम धार पहाड़ से | निकलती है। इसकी लम्बाई 1401 कि. मी. है। शेष नदियाँ म. प्र. की हैं।

**38. राजा भोज ने शासन किया:**

(A) बस्तर पर **(B) धार पर**

(C) महाकौशल पर (D) उज्जैन पर

**व्याख्या-**सिन्धु राज के उत्तराधिकारी पुत्र राजा भोज को मध्य युग के सुप्रसिद्ध शासकों में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। उन्होंने धार नगरी को बसाकर उसे परमार वंश की राजधानी बनाया।

**39. राम हरि के ठीक बायें बैठा है , लेकिन कमल के बाद नहीं बैठा है। शिव कमल के दायीं ओर बैठा है। अगर चारों मित्र एक वृत्त में बैठे हैं, तो हरि के ठीक दायें कौन बैठा है ?**

(A) शिव (B) राम

**(C) कमल** (D) हरि

**40. निम्न में से कौनसा संस्कृत कवि मध्य प्रदेश का नहीं है ?**

**(A) कल्हण** (B) भवभूति

(C) मंडन मिश्र (D) कालिदास

**व्याख्या-**कल्हण संस्कृत के महान कवि थे। उन्होंने राज तरंगिणी लिखी थी , जिसमें कश्मीर की सौन्दर्यता का जिक्र किया गया था।

**41. मध्य प्रदेश में रावण की पूजा कहाँ की जाती है ?**

(A) सागर जिले का डाना गाँव

(B) शाजापुर जिले का भादखेड़ी गाँव

(C) जबलपुर जिले का सीहोरा

**(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं**

**व्याख्या-**म. प्र. में रावण की पूजा शाजापुर के भादखेड़ी गांव में की जाती है। जहाँ पर रावण को भगवान मानकर आराधना करते है।

**42. संगमरमर की चट्टानों के लिये कौनसा शहर प्रसिद्ध है।**

(A) उज्जैन (B) इन्दौर

**(C) जबलपुर** (D) मांडू

**व्याख्या-**भेड़ाघाट (जबलपुर) में संगमरमरी चहानों पर तेज जाह से गिरता नर्मदा नदी का जल पर्यटकों को आकर्षित करता है। जबलपर से 21 कि. मी. दूर संगमरमर की ऊंची दुषिया बड़ानों के बीच बहती हुई। नर्मदा नदी से अति सुन्दर दृश्य दिखाई देता है।

**43. मध्य प्रदेश का कौनसा शहर सिन्य-गंगा के मैदानों में हैं ?**

**(A) ग्वालियर** (B) इन्दौर

(C) भोपाल (D) जबलपुर

**44. नर्मदा और ताप्ती के अतिरिक्त मध्य प्रदेश की नदियाँ:**

(A) अरब सागर में जाती हैं

(B) बंगाल की खाड़ी में जाती हैं।

(C) हिन्द महासागर में मिलती हैं

**(D) दूसरी नदियों में मिल जाती हैं।**

**व्याख्या-**नर्मदा और ताप्ती के अतिरिक्त म. प्र. की नदियाँ दूसरी नदियों में मिल जाती हैं।

**45. भारतवर्ष के जंगलों का सबसे बड़ा क्षेत्र:**

(A) असम में है (B) उत्तर प्रदेश में है

**(C) मध्य प्रदेश में है** (D) अरुणाचल प्रदेश में है

**व्याख्या-**म. प्र. वन सम्पदा की दृष्टि से भारत का सम्पन्न राज्य है, जहाँ 05.221 वर्ग कि. मी. क्षेत्र पर वन है , जो कुल क्षेत्रफल का 30. 89 प्रतिशत है तथा भारत के कुल वन क्षेत्रफल का 15 प्रतिशत है। 2015 की पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार सर्वाधिक वन क्षेत्रफल म. प्र. में 77 ,462 वर्ग कि.मी. और कुल क्षेत्रफल का 25% है

**46. निम्नलिखित में से कौनसा ग्रह सौरमंडल का नहीं है ?**

(A) बुध **(B) फ्लोरिडा**

(C) शुक्र (D) शनि

**व्याख्या-**अगस्त-2006 से प्रह की संख्या अब 9 से घटकर 8 रह गयी। जो इस प्रकार है-बृहस्पति , शनि, अरुण, वरुण, पृथ्वी, शुक्र, मंगल एवं बुध।

**47. निम्नलिखित में से किस नाम का जानवर 3 नवम्बर, 1959 को अंतरिक्ष में भेजा गया था ?**

(A) ओटोलिथ **(B) लाइका**

(C) बेकर (D) बेल्का

**व्याख्या-**लाइका नामक (जानवर) कुतिया को 3 नवम्बर , 1959 को अंतरिक्ष में भेजा गया था।

**48. अंतरिक्ष में जाने वाला प्रथम अंतरिक्ष यात्री कौन था ?**

**(A) यूरी गागरिन** (B) एलन शेफर्ड

(C) एस टिटोव (D) जॉन यंग

**व्याख्या-**12-4-1961 में वोस्टॉक-1मानव द्वारा पहली अंतरिक्ष यात्रा पूर्व सोवियत संघ के यूरी गागरिन ने पृथ्वी का एक परिक्रमण किया था।

**49. विश्व का सबसे बड़ा रेगिस्तान कौनसा है ?**

(A) गिब्सन (B) ग्रेट सैडी

(C) गोबी **(D) सहारा**

**व्याख्या-**सहारा जो 84 ,00,000 कि.मी. क्षेत्र से घिरा हुआ है , जिसका विस्तार 10 अफ्रीकी देशों से लगा हुआ है।

**50. विश्व की सबसे लंबी नदी है-**

(A) अमूर (B) हांग हो

(C) अमेजन **(D) नील**

**व्याख्या-**विश्व की सबसे लंबी नदी है नील जिसका उद्गम स्थान विक्टोरिया झील से है तथा गिरने का स्थान भूमध्य सागर है , जिसकी लम्बाई 6690 कि. मी. है।

**51. विश्व का सबसे गहरा महासागरीय गर्त है-**

(A) टोंगा **(B) मेरियाना**

(C) फिलीपाईन (D) करमाडेक

**व्याख्या-**प्रशांत महासागर में गुआम द्वीप के समीप स्थित मेरियाना गती सबसे गहरा गर्त है। इसकी गहराई लगभग 11 किमी. है। इसे चैलेंजर गर्त भी कहते हैं।

**52. इलेक्ट्रिक बल्ब की खोज किसने की ?**

**(A) टॉमस एडीसन** (B) अलेक्जेंडर ग्राहम बेल

(C) विलियम कुक (D) टैरी एडीसन

**व्याख्या-**इलेक्ट्रिक बल्ब की खोज सबसे पहले टॉमस एडीसन ने की थी।

**53. ताजे पानी की विश्व की विशालतम झील है:**

(A) लेक यूरोन **(B) बैकाल झील**

(C) लगिगन (D) चिल्का झील

**व्याख्या-**बैकाल झील विश्व की ताजे पानी की विशालतम झील है। जो रूस में स्थित है।

**54. उड़ने वाला स्तनपायी है:**

(A) जगुआर (B) शुतुरमुर्ग

(C) पैलिकन **(D) चमगादड़**

**व्याख्या-**चमगादड़ उड़ने वाला स्तनपायी है, जो दिन में आराम एवं रात में विचरण करता है।

**55. थर्मोमीटर का प्रारंभिक रूप थर्मोस्कोप का आविष्कार किसने किया था?**

(A) सर क्रिस्टोफर रेन (B) चार्ल्स एफ. रिचर
**(C) गैलीलियो** (D) बेनो गटेनबर्ग

**व्याख्या-**थर्मोस्कोप व थर्मामीटर का आविष्कार 1593 में गैलीलियो गैलिली ने किया था।

**56. सबसे बड़ा स्तनपायी कौनसा है ?**

**(A) हेल मछली** (B) अफ्रीकी हाथी
(C) दरियाई घोड़ा (D) ध्रुवीय भालू

**व्याख्या-**पृथ्वी पर सबसे बड़ा स्तनपायी हेल मछली है।

**57. नागालैण्ड के पर्वत क्रमश बंजर होते जा रहे हैं , उसका प्रमुख कारण है-**

(A) उग्रवाद (B) शहरीकरण
**(C) झूम कृषि** (D) तीव्र जनसंख्या वृद्धि

**व्याख्या-**ऐसा माना जा रहा है कि नागालैंड के पर्वत क्रमशः बंजर हो गर्त जाते रहे, जिसका कारण है झूम कृषि।

**58. विकासवाद का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया ?**

(A) स्पैन्सर ने **(B) डार्विन ने**
(C) वालेस ने (D) हक्सले ने

**व्याख्या-**जैव-विकास के संबंध में डार्विनवाद सर्वाधिक प्रसिद्ध है। जिसने सर्वप्रथम विकासवाद के सिद्धान्त का प्रतिपादन किया था।

**59. गुरुत्वाकर्षण का सिद्धान्त किसने दिया ?**

(A) चार्ल्स न्यूटन (B) चार्ल्स बैबेज
**(C) आइजैक न्यूटन** (D) जॉन एडम्स

**व्याख्या-**गुरुत्वाकर्षण का सिद्धान्त आइजैक न्यूटन ने दिया था न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण के अनुसार दो पिंडों के बीच एक आकर्षण बल कार्य करता है।

**60. 15 अगस्त, 1947 के बाद भारत का कौनसा माग पुर्तगाल के अधीन बना रहा ?**

**(A) गोवा** (B) सिक्किम
(C) पांडिचेरी (D) अंडमान एवं निकोबार

**व्याख्या-**19 दिसम्बर, 1961 को पुर्तगाली ओपनिवेशक शरूर से आजाद होने के समय के पूर्व तक गोवा , दमन और दिव एक हो प्रशासन के अधीन रहे थे।

**61. भारत का अंतिम वायसराय था:**

(A) लार्ड वैवेल **(B) लार्ड माउंटबेटन**
(C) लार्ड लिनलिथगो (D) आकिनलेक

**व्याख्या-**15 अगस्त, 1947 ई. को भारत स्वतंत्र हुआ। स्वतंत्र भारत के प्रथम एवं अन्तिम भारतीय गवर्नर जनरल लार्ड-माउण्टबेटन हुए।

**62. निम्नलिखित में से आजाद हिन्द फौज के किस अधिकारी ने लाल किले पर चलाये गये मुकदमे का सामना नहीं किया ?**

(A) गुरदयाल सिंह (B) प्रेम सहगल
**(C) मोहन सिंह** (D) शाह नवाज

**व्याख्या-**आजाद हिन्द फौज पर चलाये गये मुकदमें का सामना मोहन सिंह ने नहीं किया।

**63. भोपाल बसा है:**

(A) सात पहाड़ियों पर **(B) पाँच पहाड़ियों पर**
(C) एक पहाड़ी पर (D) दो पहाड़ियों पर

**व्याख्या-**11वीं सदी के भोजपाल तथा तत्पश्चात् भूपाल नामक इस नगर को परमारवंशी राजा भोज ने बसाया था। भोपाल पाँच पहाड़ियों पर बसा है तथा इसमें दो झीलें हैं।

**64. भारतवर्ष की सबसे बड़ी मस्जिद:**

(A) मांडू में है (B) ग्वालियर में है
**(C) भोपाल में है** (D) इन्दौर में है

**व्याख्या-**भारतवर्ष की सबसे बड़ी मस्जिद ताज-उल-मस्जिद भोपाल में स्थित है, जो विश्व विख्यात है।

**65. नर्मदा नदी पर अपने उद्गम स्रोत:**

**(A) अमरकंटक से निकलती है**
(B) पंचमढ़ी से निकलती है
(C) भेड़ाघाट से निकलती है
(D) चित्रकूट से निकलती है

**व्याख्या-**नर्मदा नदी अपने उदगम स्थल अमरकंटक से निकल कर गुजरात में खम्भात की खाड़ी में गिरती है। जिसकी कुल लम्बाई-1312 कि. मी. है। म. प्र. में 1077 कि. मी. बहती है।


Contact no:-0522-4334408, 6307281212 6307281212, *Email id:* smartwayeducation.in@gmail.com
*MM-4/34,VINAY KHAND-4, GOMTI NAGAR, LUCKNOW, U.P. 226010*

**66. भारतवर्ष का कितना भू-भाग जंगल है:**

(A) 33. 5 प्रतिशत (B) 22. 7 प्रतिशत
(C) 44. 7 प्रतिशत (D) 17. 7 प्रतिशत

**व्याख्या-**भारत वर्ष का भू-भाग जंगल से लगभग 22. 7 प्रतिशत ढका है।

**67. मध्य प्रदेश में कौनसा खनिज पाया जाता है ?**

(A) एल्यूमिनियम (B) एस्बेस्टॉस
(C) बेरियम सल्फेट (D) बॉक्साइट

**व्याख्या-**म. प्र. में बॉक्साइट के अनुमानित भण्डार 20 से 30 करोड़ टन है। प्रदेश में बॉक्साइट का प्रमुख स्रोत विन्ध्यन युग की बाल शैलिका और क्वाईजाइट है।

**68. एक घड़ी 3 बजकर 30 मिनट दिखला रही है। मिनट और घंटे की सुइयों के मध्य कितने अंश का कोण है ?**

(A) 45° (B) 60°
(C) 75° (D) 90°

**व्याख्या-** एक घडी जो 03:30 मिनट दिखला रही है मिनट और घंटे की सुइयों के मध्य 75° अंश का कोण है।

**69. रक्त शरीर में क्या कार्य करता है ?**

(A) सारे शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाता है
(B) तरलता बनाता है
(C) भोजन पाचन में सहायक है
(D) खड़े होने में सहायता करता है

**व्याख्या-** मानव शरीर में रक्त की मात्रा शरीर भार का लगभग 7% होती। है। इसका मुख्य कार्य शरीर की हर कोशिका में ऑक्सीजन पहुँचाना एवं कार्बन डाइऑक्साइड को वापस लाना है।

**70. भारतवर्ष में लगभग कितने गाँव हैं ?**

(A) 5 लाख (B) 6 लाख 30 हजार
(C) 8 लाख (D) इनमें से कोई नहीं

**व्याख्या-** भारतवर्ष को गाँवों के देश के नाम से जाना जाता है , जहाँ पर लगभग 6 लाख 80 हजार गाँव मौजूद है।

**71. माउंट एवरेस्ट........ देश में हैं।**

(A) चीन (B) भारत
(C) नेपाल (D) भूटान

**व्याख्या-** माउंट एवरेस्ट पर्वतमाला के आस-पास के विभिन्न स्थलों के औसत मापन द्वारा 1954 ई. में माउंट एवरेस्ट की ऊँचाई 8848 मीटर ऑकी गयी थी, जो नेपाल में स्थित है।

**72. निम्न में से कौन लेखक नहीं है ?**

(A) नीरद सी, चौधरी (B) विक्रम सेठ
(C) अरुंधति राय (D) जुबिन मेहता

**व्याख्या-**जुबिन मेहता एक जाने माने संगीतकार है। विश्व विख्यात इजरायल फिलहार्मोनिक आर्केस्ट्रा के कंडक्टर।

**73. टिहरी बाँध बना है-**

(A) टिहरी नदी पर (B) यमुना नदी पर
(C) अलकनंदा नदी पर (D) गंगा नदी पर

**व्याख्या-**टिहरी बाँध अलकनंदा नदी पर बना है।

**74. भारतवर्ष की सबसे ऊंची पर्वत चोटी कौनसी है ?**

(A) एवरेस्ट (B) सियाचिन
(C) के-2 (D) कारगिल

**व्याख्या-**भारतवर्ष की सबसे ऊंची पर्वत चोटी K-2 है। यह काराकोरम में स्थित है, जिसकी ऊँचाई 8,611 मी. है।

**75. निम्न में से किस राज्य की पलिस राज्य सरकार के अधीन नहीं।**

(A) मध्य प्रदेश (B) दिल्ली
(C) बिहार (D) उत्तर प्रदेश

**व्याख्या-**दिल्ली की पुलिस राज्य सरकार के अधीन नहीं है।

**76. आमिर खान की कितनी फिल्में ऑस्कर पुरस्कार के लिये नामांकित हुई हैं ?**

(A) दो (B) तीन
(C) चार (D) पाँच

**व्याख्या-**आमिर खान की तीन फिल्में ऑस्कर पुरस्कार के लिये नामांकित हुई है।

**77. एडमिरल गोर्शकोव Admiral Gorshkovisa :**

(A) रूस के नौसेना अध्यक्ष हैं
(B) नौसैनिक विमान वाहक जहाज है
(C) वायुसेना का मुख्यालय है।
(D) नौसैनिक संगठन है

**व्याख्या-**एडमिरल गोर्शकोव एक नौसैनिक विमान वाहक जहाज है

**78. वर्ष 2008 में बुकर पुरस्कार विजेता कौन ?**

(A) इंद्रा सिन्हा (B) किरण देसाई

(C) अरूंधती राय **(D) अरबिन्द आदिमा**

**व्याख्या-**1968 में प्रारंभ यह पुरस्कार साहित्य के क्षेत्र मनोबल पुरस्कारों के बाद सबसे बड़ा पुरस्कार माना जाता है। वर्ष 2008 अरविन्द अदिगा को व्हाइट टाइगर के लिए दिया गया

**79. वर्ष 2008 में पंडित भीमसेन जोशी को सम्मान दिया गया है।**

(A) तानसेन सम्मान (B) पदक्री

(C) पद्मभूषण **(D) भारत रत्न**

**व्याख्या-**वर्ष 2008 में पं. भीमसेन जोशी को भारत रत्न दिया गया।

**80. 2008 में सम्पन्न अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन प्रत्याशी ने किसे अपना उपराष्ट्रपति घोषित किया था ?**

(A) डेविड कैनेडी (B) डेविड शेफर्ड

**(C) सारा पालिन** (D) जॉन मैक्केन

**व्याख्या-**सारा पालिन को रिपब्लिकन प्रत्याशी ने अपना उपराष्ट्रपति घोषित किया था।

**81. फीफा विश्व कप-2010 का विजेता कौन है ?**

(A) ब्राजील (B) जर्मनी

(C) आस्ट्रेलिया **(D) स्पेन**

**व्याख्या-**मेजबान देश दक्षिण अफ्रीका था। इस महाकुंभ में 32 टीमों ने भाग लिया था। फाइनल मुकाबला नीदरलैंड Vs स्पेन के बीच खेला गया था। विजेता-स्पेन (1-0)।

**82. भारतीय संविधान निम्न में से कौनसा अधिकार प्रदान नहीं करता है ?**

**(A) समान आवास का अधिकार**

(B) समानता का अधिकार

(C) धर्म पालन करने का अधिकार

(D) स्वतंत्रता का अधिकार

**व्याख्या-**मौलिक अधिकार संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान से लिया गया है। अब भारतीय नागरिकों को 6 मूल अधिकार प्राप्त है। जिसमें समान आवास का अधिकार नहीं है।

**83. कोई कानूनी विधेयक संसद के किस पटल पर रखा जा सकता है।**

(A) लोक सभा में (B) राज्य सभा में

**(C) दोनों में से संसद के एक पटल पर**

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या-**भारतीय संविधान के अनुसार कोई कानूनी विधेयक संसद के दोनों में से संसद के एक पटल पर रखा जा सकता है।

**84. निम्न में से कौनसा केंद्रशासित प्रदेश नहीं है ?**

**(A) गोवा** (B) लक्षद्वीप

(C) दादरा और नगर हवेली (D) चंडीगढ़

व्याख्या-12 अगस्त, 1987 को संसद द्वारा पास किए गए एक्ट के अनुसार गोवा भारत संघ का 25वां राज्य बन गया।

**85. देश के किसी भी न्यायालय में चल रहे वाद को अन्यत्र भेज सकने का अधिकार किसके पास है ?**

(A) राष्ट्रपति **(B) सवोच्च न्यायालय**

(C) उच्च न्यायालय (D) इनमें से कोई नहीं

**व्याख्या-**सर्वोच्च न्यायालय के पास देश के न्यायालय संबंधित महत्वपूर्ण अधिकार होते है।

**86. मधुमक्खी की औसत गति सामान्यता क्या होती है ?**

(A) 10 किमी. प्रति घंटा (B) 5 किमी. प्रति घंटा

(C) 1 किमी. प्रति घंटा **(D) 16 किमी, प्रति घंटा**

**व्याख्या-**मधुमक्खी की औसत गति सामान्यता 16 कि. मी. प्रति घंटा होती है।

**87. एक 14 वर्षीय किशोर का शारीरिक वजन लगभग कितना- होना चाहिये ?**

(A) लगभग 12 किग्रा. (B) लगभग 14 किग्रा.

(C) लगभग 25 किग्रा. **(D) लगभग 37 किग्रा**

**व्याख्या-**एक साधारणतः 14 वर्षीय किशोर का शारीरिक वजन लगभग 37 कि. ग्रा. होना चाहिये।

**88. हृदय में कितने कक्ष होते हैं ?**

(A) 2 **(B) 4**

(C) 6 (D) 8

**व्याख्या-**मनुष्य का हृदय चार कोष्ठों का बना होता है। अगले भाग में एक दायाँ आलिंद एवं बायाँ आलिंद तथा हृदय के पिछले भाग में एक दायाँ विलय तथा एक बायाँ विलय होता है।

**89. निम्नलिखित में से कौनसा तत्व प्रदूषण नहीं फैलाता है ?**

**(A) ताँबा** (B) कैडमियम

(C) आर्सेनिक (D) निकल

**व्याख्या-**तांबा नामक तत्व प्रदूषण नहीं फैलाता है। इसका उपयोग बिजली का तार बनाने में, बर्तन बनाने में किया जाता है।

**90. दूध पिलाने वाली माँ को प्रतिदिन आहार में कितने ग्राम प्रोटीन की आवश्यकता होती है ?**

**(A) 30 ग्राम** (B) 20 ग्राम

(C) 70 ग्राम (D) 100 ग्राम

**व्याख्या-**दूध पिलाने वाली माँ को प्रतिदिन आहार में लगभग 30 ग्राम प्रोटीन की आवश्यकता होती है।

**91. निम्न में से किसने ब्रिटिश युग की केंद्रीय लेजिस्लेटिव असेम्बली तथा स्वतंत्र भारत की संसद में अध्यक्ष का पद संभाला ?**

(A) सर अब्दुर रहीम **(B) जी. वी. मावलंकर**

(C) अनंत शयनम आयंगर (D) विट्ठल भाई पटेल

**व्याख्या-**जी. वी. मावलंकर ने ब्रिटिश युग की केन्द्रीय लेजिस्लेटिव असेम्बली तथा स्वतंत्र भारत की संसद में अध्यक्ष का पद संभाला था। हमारे विशेषज्ञ के अनुसार ( B) उत्तर सही हैं।

**92. किस पहले अध्यक्ष ने औपचारिक विग ' त्यागकर गांधी टोपी पहनकर सदन की अध्यक्षता की ?**

(A) सत्यनारायण सिन्हा (B) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

**(C) जी. वी. मावलंकर** (D) संजीव रेड्डी

**व्याख्या-**जी. वी, मावलंकर भारत के एक ऐसे पहले अध्यक्ष थे। औपचारिक विग त्यागकर गांधी टोपी पहनकर सदन की अध्यक्षता की थी।

**93. स्वतंत्र भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष कौन थे ?**

(A) डॉ. भीमराव अम्बेडकर **(B) डॉ. राजेंद्र प्रसाद**

(C) सी. राजगोपालाचारी (D) के. एम. मुन्शी

**व्याख्या-**संविधान सभा का गठन जुलाई , 1946 ई. में किया गया। 11 दिसम्बर, 1946 ई. को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

**94. 14 / 15 अगस्त, 1947 की मध्य रात्रि को अंतरिम संसद के रूप में किसने सत्ता ग्रहण की ?**

(A) केंद्रीय लेजिस्लेटिव असेम्बली

**(B) संविधान सभा**

(C) अंतरिम सरकार

(D) चैम्बर ऑफ प्रिंसेज

**व्याख्या-**14 / 15 अगस्त, 1947 की मध्य राष्ट्र को अन्तरिम संसद के रूप में संविधान सभा ने सत्ता ग्रहण की।

**95. 14 / 15 अगस्त, 1947 की मध्य रात्रि केंद्रीय असेम्बली में इकबाल का गीत 'हिंदोस्ता हमारा ' तथा 'जन-गण-मन' किसने गाया ?**

(A) रामेश्वरी नेहरू (B) मीरा बेन

**(C) सुचेता कृपलानी** (D) एम. एस. सुब्बालक्ष्मी

**व्याख्या-**सुचेता कृपलानी ने गीत ' हिंदोस्ता हमारा ' तथा जन-गण-मन गाया।

**96. भारतीय संसद का सचिवालय :**

**(A) संसदीय कार्यमंत्री के अधीन है**

(B) राष्ट्रपति के अधीन है

(C) सरकार से स्वतंत्र है

(D) सर्वोच्च न्यायालय के अधीन है

**व्याख्या-**भारतीय संसद का सचिवालय भारत के परिप्रेक्ष्य में संसदीय कार्यमंत्री के अधीन है।

**97. संविधान सभा में वयस्क मताधिकार को 15 वर्ष के लिये स्थगित करने की बात की थी :**

(A) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने

**(B) जवाहरलाल नेहरू ने**

(C) मौलाना आजाद ने

(D) डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने

**व्याख्या-**संविधान सभा में वयस्क मताधिकार को 15 वर्ष के लिये स्थगित करने की बात पं. जवाहरलाल नेहरू ने की थी।

98. **भारत सरकार द्वारा वित्त विधेयक सदन में पेश किया जाता है ?**

(A) राज्य सभा में (B) विधान सभा में

(C) विधान परिषद् में **(D) लोक सभा में**

**व्याख्या-**भारत सरकार द्वारा वित्त विधेयक सिर्फ लोक सभा में प्रस्तत किया जाता है।

**99. मध्य प्रदेश का कौनसा क्षेत्र गोंडवाना कहलाता है ?**

(A) नर्मदा घाटी (B) चंबल घाटी

(C) उत्तरी क्षेत्र **(D) दक्षिण-पूर्व क्षेत्र**

**व्याख्या-**मध्य प्रदेश का दक्षिण-पूर्व क्षेत्र गोंडवाना के नाम से प्रचलित है। इसी क्षेत्र की रानी दुर्गावती थी।

**100. अकबर के साथ युद्ध करने वाली दुर्गावती " की रानी थी।**

**(A) मंडला** (B) मांडू

(C) असीरगढ़ (D) रामगढ़

**व्याख्या-**मुगल काल के महान शासन अकबर के साथ युद्ध करने वाली रानी दुर्गावती मंडला की रानी थी।

**101. 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में किस राजवंश ने अंग्रेजों की सर्वाधिक सहायता की ?**

**(A) ग्वालियर के सिंधिया** (B) इंदौर के होल्कर

(C) नागपुर के भोंसले (D) रामगढ़ के लोधी

**व्याख्या-**1857 के स्वतंत्रता संग्राम में ग्वालियर के सिंधिया ने अंग्रेजों की सर्वाधिक सहायता की। ये लोग अंग्रेजों से मिल-जुल कर कार्य करते थे

**102. नोवेल साहित्य पुरस्कार-2010 के विजेता निम्न देशों में से कहाँ के हैं ?**

(A) उरूग्वे **(B) पेरू**

(C) ब्राजील (D) मैक्सिको

**व्याख्या-**प्राचीन अमेरिका में तानाशाही के खिलाफ लोगों की आवाज को बुलंद करने वाले पेरू मूल के लेखक मारियों वरगास लियोसा को इस वर्ष का साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।

**103. आधुनिक अर्थशास्त्र का जनक किसे कहा जाता है ?**

**(A) एडम स्मिथ** (B) मार्शल

(C) कीन्स (D) रॉबिन्स

**व्याख्या-**एडम स्मिथ (1723-90) स्काटलैंड के विख्यात अर्थशास्त्री। अर्थशास्त्र के क्षेत्र में उन्हें महानतम माना जाता है।

**104. 2008 का भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार किसे मिला है ?**

**(A) अखलाक मोहम्मद खान**

(B) अली सरदार जाफरी

(C) रहमान राही

(D) ओ. एन. वी. कुरूप

**व्याख्या-**साहित्य के क्षेत्र में वर्ष 2008 के ज्ञानपीठ पुरस्कार अखलाक खान शहरयार को प्रदान किया गया।

**105. सोमनाथ चटर्जी..... " संसदीय क्षेत्र के सांसद हैं।**

(A) नंदीग्राम (B) बेलापुर

**(C) बोलपुर** (D) बर्दवान

**व्याख्या-**सोमनाथ चटर्जी बोलपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद है।

**106. 418 का 5.72% है-**

(A) 23.7096 **(B) 23.9096**

(C) 24.8096 (D) 24.9096

**107. भारत वर्ष में सर्वाधिक वर्षा..." क्षेत्र में होती है।**

**(A) पश्चिमी घाट, हिमालय क्षेत्र तथा मेघालय**

(B) मध्य प्रदेश तथा बिहार

(C) उत्तर प्रदेश, हरियाणा तथा पंजाब

(D) आंध्र प्रदेश तथा विदर्भ

**व्याख्या-**भारत वर्ष में विश्व का सर्वाधिक वर्षा वाला क्षेत्र मोसिनराम (11, 405 मिमी.) मेघालय , पश्चिम घाट, हिमालय क्षेत्र भारत में हैं।

**108. निम्न में से किस देश में सर्वाधिक कोयला पाया जाता है ?**

(A) आस्ट्रेलिया **(B) चीन**

(C) न्यूजीलैंड (D) ब्राजील

**व्याख्या-**विश्व में चीन में सर्वाधिक कोयला पाया जाता है।

**109. भारत वर्ष में चावल की खेती उन क्षेत्रों में होती है , जहाँ वार्षिक वर्षा:**

(A) 20 सेमी.से अधिक है

(B) 30 सेमी.से अधिक है

(C) 60 सेमी.से अधिक है

**(D) 100 सेमी.से अधिक है**

**व्याख्या-**भारत में 100 सेमी.से अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में चावल की खेती होती है।

**110. सर्वाधिक रबर की खेती होती है :**

**(A) भारत में** (B) चीन में

(C) अमेजन तथा जाइरे बेसिन में (D) इंग्लैण्ड में

**व्याख्या-**सर्वाधिक रबर की खेती भारत के निम्न क्षेत्रों में होती है-केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु आदि।

**111. चित्र संदेश निजी इनबॉक्स में कितने दिन रहेगा ?**

(A) 28 दिन **(B) 30 दिन**

(C) 15 दिन (D) 7 दिन

**व्याख्या-**ऐसा माना गया कि चित्र संदेश निजी इनबॉक्स में 30 दिन रहेगा।

**112. निम्न में से कौनसी मेमोरी का सबसे कम एक्सेस समय है :**

**(A) कैश मेमोरी** (B) मैग्नेटिक बबल मेमोरी

(C) मैग्नेटिक कोर मेमोरी (D) रेन्डम एक्सेस मेमोरी

**व्याख्या-**कैश मेमोरी का सबसे कम एक्सेस समय है।

**113. 'माइक्रोसॉफ्ट वर्ड' उदाहरण है :**

(A) एक ऑपरेशन सिस्टम का

(B) एक इनपुट डिवाइस का

(C) एक प्रोसेसिंग डिवाइस का

**(D) एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर का**

**व्याख्या-**माइक्रोसॉफ्ट वर्ड एक एप्लीकेशन साफ्टवेअर का उदाहरण है।

**114. हैकिंग से आप क्या समझते हैं ?**

(A) सचिंग (B) सिक्योरिटी

(C) दोनों (A) तथा (B) **(D) इनमें से कोई नहीं**

**व्याख्या-**हैकिंग का आशय बिना अनुमति के किसी दूसरे कम्प्यूटर से कुछ तथ्य या उसमें परिवर्तन करना है।

**115. वर्चुअल मेमोरी का आकार निर्भर करता है :**

(A) एड्रेस लाइन्स पर (B) डाटाबेस पर

**(C) डिस्क स्पेस पर** (D) ये सभी

**व्याख्या-**वर्चुअल मेमोरी का आकार निर्भर करता है.डिस्क स्पेस पर।

**116. निम्न में से कौनसा सर्च इंजन नहीं है ?**

(A) गूगल (B) अल्टाविस्टा

(C) साइंस डायरेक्ट **(D) ऑरकुट**

**व्याख्या-**सर्च इंजन निम्न हैं-( 1) गुगल (2) अल्टाविस्टा व (3) साइंस डायरेक्ट।

**117. 'कमान्ड्स को ले जाने की प्रक्रिया है :**

**(A) फेचिंग** (B) स्टोरिंग

(C) डिकोडिंग (D) एक्जीक्यूटिंग

**व्याख्या-**कमान्ड्स को ले जाने की प्रक्रिया है-फेचिंग।

**118. विडियो मेल से हम क्या भेज सकते हैं ?**

(A) ग्राफिक्स (B) विडियो क्लिप्स

(C) विडियो मैसेज **(D) ये सभी**

**व्याख्या-**विडियो मेल से हम (1) ग्राफिक्स (2) विडियो क्लिप्स (3) विडियो मैसेज आदि भेज सकते हैं।

**119. निम्न में से कौनसा मंदिर खजुराहो में नहीं है ?**

(A) कंदारियां महादेव (B) चौंसठ योगिनी

**(C) दशावतार** (D) चित्रगुप्त

**व्याख्या-**निम्न मंदिर खजुराहो में बने हैं (1) कदारिया महादेव (2) चौंसठ योगिनी (3) चित्रगुप्त।

**120. आल्हा-ऊदल संबंधित थे**

(A) चंदेरी से (B) विदिशा से

**(C) महोबा से** ( D) पन्ना से

**व्याख्या-**आल्हा-ऊदल महोबा से संबंधित थे। आल्हा खण्ड की मूल भाषा बुन्देली थी , इस कारण नागरिक द्वारा लिखी आल्हा ऊदल की बावन लड़ाइयाँ लोक कंठों में सहज रूप से विराजमान हो गईं।

**121. निम्नांकित श्रेणी में अगला अक्षर ज्ञात कीजिए :**

**जे, एफ, एम, ए, एम, जे, जे**

(A) जे **(B) ए**

(C) एस (D) ओ

**122. गूजरी महल किसने बनवाया था ?**

(A) सूरज सेन ने **(B) मानसिंह ने**

(C) तेज करण ने (D) अकबर ने

**व्याख्या-**ग्वालियर के किले में स्थित गुजरी महल राजा मानसिंह ने अपनी प्रेमिका मृगनयनी के लिए बनवाया था।

**123. तानसेन का मकबरा कहाँ स्थित है ?**

(A) ग्वालियर (B) शिवपुरी

(C) भोपाल (D) आगरा

**व्याख्या-**फरवरी 1585 ई.में दिल्ली नगर में तानसेन का निधन हुआ, उनकी पूर्व इच्छानुसार उनका शव ग्वालियर भेज दिया गया तथा सूफी सन्त हजरत मोहम्मद गौस के बराबर ही तानसेन की समाधि भी बनवा दी गई।

**124. मध्य प्रदेश का कौनसा नेता नेहरू की कैबिनेट में पहले रक्षा मंत्री तथा बाद में गृह मंत्री बना ?**

(A) प्रकाश चंद्र सेठी (B) रवि शंकर शुक्ला

(C) कैलाश नाथ काटजू (D) द्वारका नाथ मिश्रा

**व्याख्या-**म.प्र.का एकमात्र नेता कैलाश नाथ काटजू नेहरू की कैबिनेट | में पहले रक्षा मंत्री तथा बाद में गृह मंत्री बने।

**125. 1956 में मध्य प्रदेश का कौनसा भाग महाराष्ट्र में मिला दिया गया।**

(A) मालवा (B) छत्तीसगढ़

(C) विदर्भ (D) चंदेरी

**व्याख्या-**सन् 1956 के राज्य पनर्गठन के द्वारा म.प्र.राज्य की सीमा | से विदर्भ क्षेत्र को महाराष्ट में मिला दिया गया था।

**126. विदेशी पर्यटकों के लिये मध्यप्रदेश का कौनसा पर्यटन स्थल सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र है ?**

(A) सांची (B) दतिया

(C) ओरछा (D) खजुराहो

**व्याख्या-**पत्थरों पर तराशी गई सुन्दर कला की नगरी खजुराहो म.प्र.में ही नहीं, अपितु हिन्दू स्थापत्य एवं शिल्पकला की दृष्टि से भारत के प्रमुख पर्यटन केन्द्रों में से एक है।

**127. किस राजवंश ने भारत को प्रसिद्ध खजुराहो के मंदिर दिये ?**

(A) परमार (B) मौर्य

(C) चंदेल (D) होल्कर

**व्याख्या-**यहाँ के विश्व प्रसिद्ध मंदिरों का निर्माण चन्देल राजाओं ने (950-1050 ई.) के मध्य करवाया था। इन मंदिरों की संख्या 85 थी, लेकिन अब इनकी संख्या कम हो गई है।

**128. ई-मेल का फुल फॉर्म क्या है ?**

(A) इलेक्ट्रॉनिक मेल

(B) इलेक्ट्रिकल मेल

(C) इलेक्ट्रोमैग्नेटिक मेल

(D) इनमें से कोई नहीं

**व्याख्या-**ई-मेल का फुल फॉर्म इलेक्ट्रॉनिक मेल है।

**129. प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह :**

(A) पंजाब से लोक सभा के सदस्य हैं

(B) पंजाब के राज्य सभा के सदस्य हैं

(C) राजस्थान से राज्य सभा के सदस्य हैं

(D) असम से राज्य सभा के सदस्य हैं

**व्याख्या-**भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री की एक और उपलब्धि है वें असम से राज्य सभा के सदस्य हैं।

**130. 2008 में संपन्न अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार को कितने प्रतिशत मत मिले ?**

(A) 52 प्रतिशत (B) 50.5 प्रतिशत

(C) 47 प्रतिशत (D) 51 प्रतिशत

**व्याख्या-**2008 में सम्पन्न अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार को 47% मत मिले।

**131. साइना नेहवाल ने :**

(A) बीजिंग ओलम्पिक में बैडमिंटन का क्वार्टर फाइनल खेला

(B) बीजिंग ओलम्पिक में सेमीफाइनल खेला

(C) आल वूमैन बैडमिंटन फाइनल खेला.

(D) आल वूमैन टेनिस फाइनल खेला

**व्याख्या-**भारतीय बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल ने अपनी उपलब्धियों में दूसरा सुपर सीरिज खिताब जोड़ते हुए 20 जून को सिंगापुर ओपन के फाइनल में चीनी ताइपे की जू सिंग तेई को सीधे गेम में हरा दिया।

132. **क्रिकेट में बल्लेबाज कितने प्रकार से 'आऊट' हो सकता है?**

(A) 5 (B) 6

(C) 8 (D) 10

**व्याख्या-**क्रिकेट में बल्लेबाज तथ्यानुसार 10 प्रकार से आऊट हो सकता है।

**133. जीव मिल्खा सिंह एक :**

(A) शतरंज खिलाड़ी है (**B) गोल्फ खिलाड़ी है।**

(C) ओ.पी.रेसर है (D) रेसर है

**व्याख्या-**जीव मिल्खासिंह भारत के जाने माने गोल्फ खिलाड़ी हैं। इनके पिताजी मशहूर धावक थे-मिल्खा सिंह।

134. **राज्य सभा के वर्तमान सभापति हैं-** (2010)

(A) मीरा कुमार (B) नजमा हेपतुल्लाह

**(C) हामिद अंसारी** (D) प्रतिभा पाटिल

**व्याख्या-**राज्य सभा के वर्तमान सभापति डॉ.मो.हामिद अंसारी है, जो भारत के वर्तमान में उपराष्ट्रपति है।

**135. अनिल कुंबले ने कितने टेस्ट विकेट लिये ?**

(A) 618 **(B) 619**

(C) 620 (D) 621

**व्याख्या-**भारत के मशहूर क्रिकेटर जिन्होंने एक विश्व रिकार्ड बनाया था। पाकिस्तान के विरुद्ध एक पारी में दस विकेट लिये थे इन्होंने कुल 619 टेस्ट विकेट अपने नाम किए है।

**136. गाँधीजी दक्षिण अफ्रीका में कितने वर्ष रहे थे ?**

(A) 20 वर्ष **(B) 21 वर्ष**

(C) 16 वर्ष (D) 15 वर्ष

**व्याख्या-**गाँधीजी 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे , वे 21 वर्ष द.अफ्रीका में रहे थे। भारतीयों के अधिका रो के लिये सत्याग्रह की लड़ाई लड़ी

**137. मध्य प्रदेश की कितनी जनसंख्या गरीबी की रेखा से नीचे है ?**

(A) 36.5 प्रतिशत **(B) 37.5 प्रतिशत**

(C) 38.5 प्रतिशत (D) 40 प्रतिशत

**व्याख्या-**नयी जानकारी के अनुसार म.प्र.की 37.5 प्रतिशत जनसंख्या गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रही है।

**138. भू-वैज्ञानिक दृष्टि से मध्य प्रदेश भाग है-**

(A) विंध्यन शैल का **(B) गोंडवाना लैंड का**

(C) दकन ट्रैप का (D) इनमें से कोई नहीं

**व्याख्या-**भूवैज्ञानिक दृष्टि से म.प्र.गोण्डवाना लैंड का भाग है। यहाँ दकन ट्रैप के साथ ही गोण्डवाना शैल समूह भी पाया जाता है।

**139. म.प्र.का कपास अनुसंधान केंद्र स्थित है।**

(A) खंडवा में **(B) खरगोन में**

(C) जबलपुर में (D) इन्दौर में

**व्याख्या-**म.प्र.में सबसे ज्यादा कपास का उत्पादन इसी जिले में किया जाता है। अतः इसे सफेद सोने का क्षेत्र कहा जाता है। इसी के चलते यहाँ कपास अनुसंधान केन्द्र बनाया गया है।

**140. पृथ्वी पर सबसे उच्चतम तापक्रम रिकार्ड किये जाते हैं-**

**(A) भूमध्य रेखा पर**

(B) 10° उत्तरी अक्षांश पर

(C) 20° उत्तरी अक्षांश पर

(D) 25° उत्तरी अक्षांश पर

**व्याख्या-**पृथ्वी पर सबसे उच्चतम तापक्रम भूमध्य रेखा पर रिकार्ड किया जाता है।

**141. ग्रीष्म अयनान्त प्रतिवर्ष होता है-**

(A) 23 सितम्बर को (B) 21 मार्च को

(C) 4 जुलाई को **(D) 21 जून को**

**व्याख्या-**सूर्य के उत्तरायण और दक्षिणायन की सीमा को संक्रांति कहते हैं। 21 जून को सूर्य कर्क रेखा (90 °) पर लम्बवत् होता है। इसे कर्क संक्रांति कहते हैं। इस दिन उत्तरी-गोलार्द्ध में सबसे बड़ा दिन होता है।

**142. शनि ग्रह :**

(A) प्लूटो से ठंडा है. (B) नेप्च्यून से ठंडा है

**(C) नेप्च्यून से गर्म है** (D) जुपिटर से गर्म है

**व्याख्या-**यह आकार में दसरा सबसे बड़ा ग्रह है। इसके उपग्रहों की संख्या 30 है, जो सबसे अधिक है। यह नेप्च्यून से गर्म है।

**143. सूर्य से पृथ्वी की दूरी कितनी है ?**

(A) 107.7 मिलियन किमी.

(B) 142.7 मिलियन किमी.

(C) 146.6 मिलियन किमी.

**(D) 149.6 मिलियन किमी.**

**व्याख्या-**सूर्य सौरमंडल का प्रधान है। सूर्य से पृथ्वी की दूरी 149.6 मिलियन कि.मी.है।

**144. पृथ्वी पर महासागरों की संख्या कितनी है ?**

**(A) 5** (B) 6

(C) 7 (D) इनमें से कोई नहीं

**व्याख्या-**विश्व के 5 महासागर (1) प्रशान्त महासागर (2) उत्तरी अटलांटिक (3) हिन्द महासागर (4) आर्कटिक महासागर (5) दक्षिणी अटलांटिक महासागर।

**145. भारतवर्ष आकार में विश्व का:**

(A) पाँचवाँ सबसे बड़ा देश है

(B) छठा सबसे बड़ा देश है

**(C) सातवाँ सबसे बड़ा देश है**

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या-**क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से भारत विश्व का 7वाँ सबसे बड़ा देश हैं , जबकि जनसंख्या के दृष्टिकोण से यह विश्व का दूसरा सबसे बड़ा देश है।

**146. सिरके में कौनसा अम्ल पाया जाता है ?**

(A) लैक्टिक अम्ल (B) साइट्रिक अम्ल

(C) मैलेइक अम्ल **(D) ऐसीटिक अम्ल**

**व्याख्या-**सिरके में ऐसीटिक अम्ल प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

**147. मानव रक्त की pH वैल्यू क्या है ?**

**(A) 7.36 से 7.42** (B) 8.36 से 8.42

(C) 6.36 से 6.42 (D) इनमें से कोई नहीं

**व्याख्या-**मानव रक्त की pH वैल्यू 7.36 to 107.42 होती है। रक्त एक क्षारीय विलयन है, जिसका pH मान 7.4 होता है।

**148. पेनिसिलिन के आविष्कारक कौन थे ?**

(A) अलेक्जेंडर ग्राहम बेल **(B) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग**

(C) क्रिस्टोफर मैक्डोनाल्ड (D) अल्बर्ट आइंसटाइन

**व्याख्या-**अलेक्जेंडर फ्लेमिंग पेनिसिलिन के आविष्कारक है।

**149. 2008 में हुए भारत-अमेरिकी नाभिकीय समझौते पर भारत की ओर से किसने हस्ताक्षर किये ?**

(A) प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने

(B) राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने

**(C) विदेश मंत्री प्रणब मुखर्जी ने**

(D) नाभिकीय समझौतों की समिति ने

**व्याख्या-**2008 में हुए भारत-अमेरिकी नाभिकीय समझौते पर भारत की ओर से भारत के विदेश मंत्री प्रणब मुखर्जी ने हस्ताक्षर किए थे।

**150. अभिनव बिंद्रा ने गोल्ड मेडल किस प्रतियोगिता में जीता ?**

(A) ब्लैक एम शूटिंग

**(B) एयर राइफल शूटिंग**

(C) हैवी राइफल शूटिंग

(D) पिस्तौल शूटिंग

**व्याख्या-**भारत ने पहली बार तीन ओलम्पिक पदक जीतकर बीजिंग ओलम्पिक की पदक तालिका में 50 वां स्थान प्राप्त किया है। अभिनव | बिन्द्रा ने 10 मी.एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता।

mppsctarget.com